SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES-1(TERM-1)
Subject: हिंदी

Grade - 4

Prepared by: Vrushali kokane

LESSON-3 घमंडी का बाग, व्याकरण - चित्रावर्णन

प्रश्न १) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से नोटबुक मे लिखिए।

प्रश्न २) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क) सख्त - बिलकुल

वाक्य -माली ने बाग में आना सख्त मना किया था।

ख) नरम - मुलायम

वाक्य -तितली के पंख बडे नरम थे।

प्रश्न ३) खाली स्थान भरिए।

१) बच्चे घमंडी के बाग में **स्कूल** से लौटकर खेलते थे।

२) बच्चे चिड़ियों का **मधुर गीत** सुनने के लिए खेलना बंद कर देते थे।

लघु उत्तरीय प्रश्न:

१) बच्चों को बाग में खेलते देख घमंडी ने क्या कहा ?

उत्तर : बच्चों को बाग में खेलते देख घमंडी ने कहा- "तुम सब यहाँ क्या कर रहे हो?"

२) बाग के बाहर टँगे बोर्ड पर क्या लिखा था ?

उत्तर : बाग के बाहर टँगे बोर्ड पर लिखा था- बाग में आना सख्त मना है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

१) वसंत के मौसम में घमंडी के बाग और अन्य स्थानों में क्या अंतर था?

उत्तर : वसंत के मौसम में जगह-जगह छोटे-छोटे फूल खिले। नन्ही चिड़ियाँ चहकने लगीं, परंतु घमंडी के बाग में अभी जाड़ा ही थी।

२) क्या देखकर घमंडी का दिल पिघल गया ?

उत्तर : एक छोटा बच्चा पेड़ पर न चढ़ पाने के कारण जोर-जोर से रो रहा था, जिसे देखकर घमंडी का दिल पिघल गया।

३) घमंडी को वसंत के बाग में नहीं आने का क्या कारण पता चला ?

उत्तर : घमंडी ने सभी बच्चों का अपने बाग में आना बंद कर दिया था। बच्चे मन से भोले होते हैं और उनके होने से चारों ओर वातावरण खुशियों से भर जाता है। बच्चों के बाग में न होने पर वसंत भी उस बाग में नहीं आया।

४) घमंडी ने क्या निर्णय लिया?

उत्तर : घमंडी ने बच्चे को पेड़ की डाल पर बैठाया और यह निर्णय लिया कि यह चहारदीवारी को गिरा देगा जिससे बच्चे बाग में आकर खेल सकें।

५) बच्चों को कैसे लगा कि घमंडी अब बदल चुका है?

उत्तर : घमंडी अपने घर से बाहर आया और रोते हुए छोटे से बच्चे को पेड़ की डाल पर बैठा दिया जिससे बच्चों को लगा कि वह अब बदल चुका है।

व्याकरण

चित्र वर्णन का अर्थ है किसी भी चित्र को देखकर उसके बारे मे लिखना या बोलना।

यह चित्र बगीचे का हैं। बगीचे मे बच्चे फुटबॉल खेल रहे हैं। बगीचे मे पेड़, पौधे, पक्षी, बच्चे दिखाई दे रहे हैं। पेड के नीचे एक लडकी किताब पड रही है। पेड के नीचे मोर खडा है।